(ग) उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक पर्यटन के संवर्धन के क्षेत्र में, संलग्न विवरण के अनुसार, प्रचार सामग्री निकाली गई है ।

विवरण

फोल्डर्स

1. केदारनाथ
   बद्रीनाथ
   यमुनोत्री
   गंगोत्री
2. वाराणसी
3. लखनऊ
4. हरिद्वार
   ऋषिकेश
   मसूरी
   देहरादून
5. नैनीताल
   अलमोड़ा
   रानीखेत
6. आगरा
   मथुरा
   वृन्दावन
7. दिल्ली
   आगरा
   जयपुर

ब्राईरेक्टरीज

1. देहरादून
   मसूरी
   हरिद्वार
   ऋषिकेश
2. वाराणसी
3. कुमाऊं
   रानीखेत
   कारबेट
4. बद्रीनाथ
   केदारनाथ
   गंगोत्री
   यमुनोत्री
5. दिल्ली ।
   आगरा
   जयपुर
6. आगरा
   मथुरा
   वृन्दावन

इंडियन एयरलाइंस और एयर इंडिया के पास विमान

2401. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :** क्या नागर विमान और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइन्स तथा एयर इन्डिया द्वारा यात्रियों तथा सामान को ढोने के लिए ऐसे विमानों का उपयोग किया जा रहा है, जो पन्द्रह वर्षों से भी अधिक समय से कार्यरत हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन विमानों की उड़ान के कारण ईंधन की खपत भी अपेक्षाकृत अधिक होती है ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि इस प्रकार के विमानों की उड़ानें सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक होती हैं और विश्व की कोई भी विमान कंपनी इस प्रकार के विमानों का प्रचालन नहीं कर रही है, यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन संत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) : (क) इंडियन एयरलाइन्स के 47 में से 15 विमान और एयर इंडिया के विमान बेड़े में 21 में से 3 विमान पन्द्रह वर्ष से अधिक पुराने हैं ।

(ख) जी, हां ।

(ग) जी, नही । दोनों एयरलाइनों के सभी विमान उड़नयोग्यता के वैध प्रमाण-पत्र के साथ ही उड़ान करते हैं । इंडियन एयरलाइन्स और एयर इंडिया के विमानों के औसत कार्य-काल की सारे विश्व की अनेक अन्य एयरलाइनों/प्रचालकों के विमानों के साथ तुलना की जा सकती है ।